
**बृहस्पतिवार**
24 फरवरी 2022



**पृष्ठ 4**
**स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का कारण बन सकता है ब्रेड का अधिक सेवन**



**पृष्ठ 5**
**मधुर भंडारकर की फिल्म बबली बाउंसर में नजर आएंगी तमन्ना भाटिया**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 31
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

**सांध्य दैनिक**
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

**आज का विचार**

सबसे अधिक ज्ञानी वही है जो अपनी कमियों को समझकर उनका सुधार कर सकता हो।
– अज्ञात

# रूस के यूक्रेन पर हमले से विश्व भर में हड़कंप



संवाददाता

यूक्रेन। आखिरकार वही हुआ जिसकी संभावनाएं कई दिनों से जताई जा रही थी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आज अपनी सेनाओं को यूक्रेन पर हमले के आदेश दे दिए गए। जिसके बाद रूसी सेना ने यूक्रेन के कई सैन्य ठिकानों और एयरवेज को निशाना बनाया गया। यूक्रेन की राजधानी कीव में कई धमाकों की खबर है। रूसी हमले में अनेक नागरिकों के हताहत होने की खबर है।

रूस के हमले की आशंका के बीच यूक्रेन में पहले ही आपातकाल की घोषणा कर दी गई थी। यूक्रेन में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया है। सभी नागरिक यातायात बंद कर दिए हैं तथा लोगों से अपने घरों में ही रहने को कहा गया है। रूस द्वारा यूक्रेन की राजधानी कीव सहित मारिया पोल, सुमाकी, खार, युआनो सहित कई शहरों में बम बरसाने की खबरें हैं तथा कई एयरवेज को ध्वस्त कर दिया गया है। राजधानी कीव का एयरपोर्ट खाली करा लिया गया है।

रूस के हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति ने विश्व राष्ट्रों से सहयोग की अपील की है। वहीं पुतिन के निर्णय से नाराज अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने कहा है कि इस युद्ध में होने वाले नुकसान के लिए रूस और पुतिन ही जिम्मेवार होंगे। जबकि रूस के राष्ट्रपति

## ❑हम हर नतीजे के लिए तैयारः पुतिन

ने आज अपने संदेश में स्पष्ट कहा गया है कि अगर किसी भी देश ने इसमें हस्तक्षेप किया तो उसे इसके परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि वह अपने राष्ट्रीय हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। रूस ने आज हमले में बैलास्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल भी किया है। रूस के हमले के बाद दुनिया भर के शेयर बाजार धड़ाम हो गए हैं। सेंसेक्स 2700 अंक लुढ़क गया है तथा क्रूड आयल के दामों में भारी तेजी आ गई है।

उधर यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास द्वारा यूक्रेन में रह रहे अपने छात्र और नागरिकों से अपील की गई है कि वह जहां भी है वही रहे। समाचार लिखे जाने तक रूस के हमले जारी थे तथा रूसी सेना के यूक्रेन में घुसने की खबरें थी। वही यूक्रेन ने भी रूस के 5 युद्धक विमानों को मार गिराने का दावा किया है जबकि रूस ने इन खबरों का खंडन किया है। रूस के हमले के बाद यूक्रेन के कई शहरों में धमाकों की गूंज सुनाई दे रही है तथा आग की लपटें और धुएं के गुबार देखे गये है।

## यूक्रेन में फंसे लोगों को लेने गया विमान आधे रास्ते से लौटा

नई दिल्ली। रूस द्वारा यूक्रेन पर किए गए मिसाइल हमले के बाद भारत सहित तमाम विश्व राष्ट्रों की चिंताएं बढ़ गई है। हालांकि हालात को देखते हुए भारत ने अपने नागरिकों से कई दिन पहले ही यूक्रेन छोड़ने को कह दिया था लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में छात्र व नागरिक यूक्रेन में फंसे हुए हैं। जो अब अपना वीडियो जारी कर अपनी सुरक्षित वापसी की अपील कर रहे हैं तथा यूक्रेन के हालात खराब होने की जानकारी दे रहे हैं। यूक्रेन में भारत के 20 हजार से अधिक नागरिक फंसे हुए हैं। भारत सरकार द्वारा इनकी वापसी के लिए आज एयर इंडिया का विमान भेजा गया था लेकिन युद्ध छिड़ने के कारण यह विमान बीच रास्ते से वापस लौट आया। भारतीय दूतावास द्वारा अपने नागरिकों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिए गए हैं। लेकिन उनकी वापसी के फिलहाल रास्ते बंद नजर आ रहे हैं जिस कारण उन्हें जहां है वहीं रहने की अपील की जा रही है। उधर यूक्रेन के भारत स्थित दूतावास द्वारा पीएम मोदी से रूस के राष्ट्रपति से बात करने का आग्रह भी किया गया है, क्योंकि मोदी की उनके साथ दोस्ती है।

## आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस 21वीं सदी में खेती से जुड़े ट्रेड को बदल देगीः पीएम मोदी

नई दिल्ली। देश में स्मार्ट एग्रीकल्चर के संबंध में आज एक वेबिनार आयोजित किया गया है। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित के किया। इसमें मुख्य रूप से पांच विषय शामिल किए गए हैं। इनमें प्राकृतिक खेती व इसकी पहुंच, उभरता हुआ हाई–टेक व डिजिटल एग्री इकोसिस्टम आदि शामिल रहा।

वेबिनार में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति पारस, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी तथा सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा सहित कुछ अन्य मंत्री एवं देश के सभी कृषि संस्थानों के अलावा अनेक विशेषज्ञ भी विशेष रूप से शामिल हुए। पीएम मोदी ने कहा–ये सुखद संयोग है कि ३ साल पहले आज ही के दिन पीएम किसान सम्मान निधि की शुरुआत की गई थी। ये योजना आज देश के छोटे किसानों का बहुत बड़ा संबल बनी है। इसके तहत देश के ११ करोड़ किसानों को लगभग पौने २ लाख करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। इस योजना में भी हम स्मार्टनेस का अनुभव कर सकते हैं। सिर्फ एक क्लिक पर १०–१२ करोड़ किसानों के बैंक खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर होना अपने आप मे हर भारतीय के लिए गर्व करने वाली बात है।

# देश में पिछले 24 घंटे में आए कोरोना के 14 हजार नए केस

नई दिल्ली। कोरोना संक्रमण के नये मामले अब स्थिर होते जा रहे हैं। पिछले २४ घंटे में सिर्फ १४ हजार नए केस मिले हैं। इससे पहले के दिनों में क्रमशः १५ हजार,१३ हजार और १६ हजार केस आए थे। देश में एक्टिव केस ०.३५ प्रतिशत बचे हैं। इस बीच वैक्सीनेशन का आंकड़ा १७६.५२ करोड़ को पार कर गया है।

पिछले २४ घंटों में ३०.४६ लाख से अधिक (३०,४६,६८८) वैक्सीन खुराक के साथ भारत का कोविड–१६ टीकाकरण कवरेज आज सुबह ७ बजे तक १७६.५२ करोड़ (१,७६,५२,३१,३८५) से अधिक हो गया है। यह २,०१,४६,५३० सत्रों के माध्यम से हासिल किया गया है।



भारत का सक्रिय केसलोड (एक्टिव केस) वर्तमान में १,४८,३५६ पर है। सक्रिय मामले देश के कुल सकारात्मक मामलों का ०.३५ प्रतिशत हैं। देश भर में परीक्षण क्षमता का विस्तार जारी है। पिछले २४ घंटों में कुल ११,५५,१४७ परीक्षण किए गए।

भारत ने अब तक ७६.३५ करोड़ (७६,३५,६६,१६५) कुल परीक्षण किए हैं। जबकि देश भर में परीक्षण क्षमता को बढ़ाया गया है, देश में साप्ताहिक सकारात्मकता दर वर्तमान में १.६० प्रतिशत है और दैनिक सकारात्मकता दर १.२२ प्रतिशत बताई गई है।

केंद्र सरकार के माध्यम से अब तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को लगभग १७३ करोड़ (१,७२,६८,२६,३७०) टीके की खुराक प्रदान की जा चुकी हैं। भारत का (मुफ्त चैनल) और प्रत्यक्ष राज्य खरीद श्रेणी के माध्यम से यह सप्लाई कर रहा है। १०.७६ करोड़ से अधिक (१०,७६,७५,२७२) शेष और अप्रयुक्त कोविड वैक्सीन खुराक अभी भी राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों के पास उपलब्ध हैं, जिन्हें इस्तेमाल किया जाना है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# मुसीबत बने स्मार्ट सिटी कार्य

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के लोग बीते दो-तीन सालों से भारी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। राजधानी दून को जब स्मार्ट सिटी की सूची में शामिल किया गया था तब लोगों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा था उन्हें ऐसा लगा था कि स्मार्ट सिटी की सूची में आ चुके देहरादून को अब ए क्लास सिटी बनने में देर नहीं लगेगी। लेकिन स्मार्ट सिटी बनाने के लिए किए जाने वाले कामों के कारण उन्हें इस तरह की दिक्कतें झेलनी पड़ेगी की सड़कों पर चलना भी मुश्किल हो जाएगा और उनके काम धंधे सब कुछ चौपट हो जाएगा, इसका उन्हें रत्ती भर भी अनुमान नहीं था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि निर्माण कार्यों के कारण अव्यवस्था फैलती है लेकिन अगर काम सुनियोजित प्लान और तरीके से किया जाए तो इन अव्यवस्थाओं को कम जरूर किया जा सकता है। लेकिन राजधानी दून में स्मार्ट सिटी के काम नियोजित ढंग से नहीं किए जाने के कारण यह लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन चुके हैं। एक काम के लिए बार-बार सड़कों को खोदा जा रहा है क्योंकि काम ठीक ढंग से नहीं हो रहा है। खास बात यह है कि इन सड़कों को बार-बार खोदा तो जा रहा है लेकिन इसके बाद इसकी मरम्मत का काम या तो किया ही नहीं जा रहा है या किया जा रहा है तो सिर्फ खानापूर्ति के रूप में ही किया जा रहा है। राजधानी दून की जिन 60 फीसदी सड़कों पर स्मार्ट सिटी के काम किए गए हैं उनमें से आज एक भी सड़क ऐसी नहीं बची है जिस पर पहले की तरह सुगम तरीके से यातायात संचालित हो सके। पूरा शहर धूल से अटा पड़ा है तथा सड़कें गहरे गहरे गड्ढों में भरी पड़ी हैं। कई स्थानों पर इन सड़कों की खुदाई से आस-पास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। एक अन्य बात यह है कि बार-बार किए जाने वाले इन कामों को लेकर लोगों की समस्याएं तो बढ़ ही रही है साथ ही इन कामों को निश्चित अवधि में पूरा नहीं किया जा रहा है, समय अधिक लगने के साथ-साथ इन कामों पर होने वाले खर्च भी बढ़ते जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी का काम जिन निर्माण कंपनियों द्वारा किया जा रहा है उनकी मनमानी के कारण तमाम तरह की समस्याएं पैदा हो रही है। बीते कल जिला अधिकारी आरके राजेश कुमार के आदेश पर कंपनियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए गए हैं और उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। खुद जिलाधिकारी जिन कामों का बीते कई दिनों से निरीक्षण कर रहे थे तथा कई बार इन कंपनियों को काम खत्म करने की समय सीमा तय कर चुके थे लेकिन इन कंपनियों के अधिकारियों द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ पलटन बाजार के व्यापारी तो इन हालातों से तंग आकर अब आंदोलन करने पर उतर चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। यह हो सकता है कि साल दो साल में यह निर्माण कार्य पूरे हो जाए और इनसे व्यवस्थाओं में सुधार देखने को मिले लेकिन फिलहाल तो स्मार्ट सिटी के इन कामों ने शहर की सूरत को ऐसा बदरंग कर रखा है कि अब लोग इससे निजात पाना चाहते हैं।

# जल संस्थान के कार्मिकों को राज्य सरकार के कार्मिकों की भांति वाहन भत्ता अनुमन्य कराए जाने की मांग

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संगठन संयुक्त मोर्चा द्वारा पेयजल सचिव उत्तराखंड शासन को जल संस्थान के कार्मिकों को राज्य सरकार के कार्मिकों की भांति वाहन भत्ता अनुमन्य कराए जाने एवं भविष्य निधि मद में देय ब्याज के संबंध में ज्ञापन प्रेषित किया गया है।

ज्ञापन में संयुक्त मोर्चे के मुख्य संयोजक रमेश बिंजोला द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तराखंड जल संस्थान में कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्गत आदेशों के क्रम में वाहन भत्ता नहीं दिया जा रहा है साथ ही कार्मिकों के भविष्य निधि खाते भी सेविंग खाते के रूप में संचालित किए जा रहे हैं जिस पर ३ण्न की दर से ब्याज दिया जा रहा है जबकि राजकीय कार्मिकों एवं निगम कार्मिकों को भविष्य निधि मद में ७प्रतिशत की दर से ब्याज मिल रहा है उक्त के अभाव में जल संस्थान के कर्मचारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है यदि कर्मचारियों द्वारा भविष्य निधि में जमा धनराशि की एफडी बनाई जाती है तो उस पर टीडीएस काटा जाता है जिससे कार्मिकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है और कार्मिकों में इसके प्रति आक्रोश व्याप्त है।

रमेश बिंजोला द्वारा पेयजल सचिव से इस संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया गया है जिससे कर्मचारियों को अन्य विभागों की भांति लाभ मिल हो सके द्य साथ ही संयुक्त मोर्चा द्वारा यह भी अनुरोध किया गया है कि राजस्थान राज्य की भांति कार्मिकों को पुरानी पेंशन की बहाली की जाए।

इस अवसर पर श्याम सिंह नेगी मंडलीय अध्यक्ष/ संयोजक संयुक्त मोर्चा शिशुपाल सिंह रावत मंडल महामंत्री/ संयोजक संयुक्त मोर्चा संदीप मल्होत्रा मीडिया प्रभारी धन सिंह नेगी संयोजक मोर्चा रामचंद्र सेमवाल संयोजक संयुक्त मोर्चा रमेश चंद्र शर्मा संयोजक ओम प्रकाश कनोजिया शाखा अध्यक्ष विशंभर सिंह शाखा सचिव अनुरक्षण खंड देहरादून उपस्थित थे।

# टाटा ग्रुप को नए दौर में ले जाने की चुनौती

अरिजीत बर्मन

टाटा संस के बोर्ड ने पिछले हफ्ते एक प्रस्ताव पास किया। इसमें कहा गया कि एक ही व्यक्ति टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स का चेयरमैन नहीं हो सकता। इसके बावजूद इस बात में कोई शक नहीं कि दो तरह के शेयरधारकों की उम्मीदों पर खरा उतरना टाटा ग्रुप में सबसे बड़े पद पर बैठने वाले के लिए अनोखी चुनौती है। वैसे, शेयरधारकों की उम्मीदों को पूरा करने के मामले में पिछले पांच साल से टाटा संस के चेयरमैन रहे नटराजन चंद्रशेखरन का रेकॉर्ड शानदार रहा है। चंद्रशेखरन अब इस पद पर पांच साल का अगला कार्यकाल शुरू कर रहे हैं।

टीसीएस पर निर्भरता

टाटा संस के चेयरमैन मैराथॉन के शौकीन हैं। टाटा ग्रुप के सर्वोच्च पद पर उनका कामकाज किसी मैराथॉन धावक की तरह ही रहा है। जिस तरह से ये धावक आखिर के लिए दम बचाकर रखते हैं, वैसा ही चंद्रशेखरन भी कर रहे हैं। जब उन्होंने चेयरमैन पद की जिम्मेदारी संभाली थी, तब टाटा ग्रुप की अलग-अलग कंपनियों के बीच तालमेल की कमी थी। ग्रुप पर ४० अरब डॉलर का कर्ज था।

चंद्रशेखरन ने पिछले पांच साल में ग्रुप को एक स्थायित्व दिया है। 2017 के बाद से टाटा ग्रुप की कंपनियों की मार्केट वैल्यू में 192 फीसदी की जो बढ़ोतरी हुई है, उससे भी इसमें मदद मिली है। इस बीच, चंद्रशेखरन ने जो पहल की हैं, उन्हें लेकर बहुत कुछ करना बाकी है। चंद्रशेखरन को 154 साल पुराने ग्रुप को मिलेनियल्स या यूं कहिए कि मेटावर्स युग के लिए तैयार करना होगा। टाटा ग्रुप के ट्रस्ट परोपकार के कामों में जो पैसा खर्च करते हैं, उसका इंतजाम करने और टाटा संस में मिस्त्री परिवार की 18 फीसदी हिस्सेदारी को खरीदने की योजना भी उन्हें बनानी होगी। टीसीएस का ग्रुप की कुल मार्केट वैल्यू में अभी 59 फीसदी योगदान है।

चंद्रशेखरन को टीसीएस पर इस निर्भरता को भी कम करना होगा। अगर पूरे ग्रुप में सिर्फ एक कंपनी से इतनी नकदी हासिल हो रही हो तो यह सवाल भी उठना लाजिमी है कि दूसरी कंपनियों में वेल्थ क्रिएशन हो रहा है या नहीं? टेक्नॉलजी की दुनिया में ऑटोमेशन का प्रयोग बढ़ रहा है। ऐसे में टीसीएस जैसी कंपनियां कब तक सस्ते श्रम का लाभ उठाकर बड़ा मुनाफा कमाती रहेंगी? इस बारे में भी उन्हें सोचना होगा। यह बात सही है कि चंद्रशेखरन टाटा ग्रुप के बिजनेस को साधने में कामयाब रहे हैं, लेकिन अभी भी ग्रुप की कंपनियों की संख्या घटाने और मार्केट वैल्यू बढ़ाने की काफी गुंजाइश है।

अरबों डॉलर के निवेश के बाद मुकेश अंबानी के पास आज टेलिकॉम और रीटेल के रूप में दो बड़े वर्टिकल हैं। इसके साथ वह तीसरा बड़ा बिजनेस भी स्थापित करने की कोशिश में जुटे हैं। इसके तहत वह ऑयल और पेट्रोकेमिकल बिजनेस को ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में बड़ी ताकत बनाना चाहते हैं। वहीं, चंद्रशेखरन का अब तक का सबसे बड़ा दांव एक 'सुपर ऐप' रहा है। जो इलेक्ट्रॉनिक्स रीटेल, ग्रॉसरी, दवा, कंटेंट से लेकर पेमेंट तक की सेवाएं देगा। इस पहल को लेकर टाटा ग्रुप अभी भी संघर्ष करता हुआ दिख रहा है, जबकि कई नई कंपनियां और एमेजॉन, वॉलमार्ट और रिलायंस जैसे ग्रुप आगे बढ़ चुके हैं। 'सुपर ऐप' अभी तक तैयार नहीं है। इस पर काम जारी रहना चाहिए, लेकिन टाटा ग्रुप की ताकत वर्षों में बना फिजिकल नेटवर्क भी रहा है। सुपर ऐप की वजह से इस नेटवर्क से समझौता नहीं होना चाहिए।

चेयरमैन बनने के बाद चंद्रशेखरन ने कुछ यूनिकॉर्न खरीदे हैं। जिन स्टार्टअप्स की वैल्यू 1 अरब डॉलर से अधिक होती है, उन्हें यूनिकॉर्न कहा जाता है। डिजिटल क्षेत्र में दबदबा बनाने के लिए इन्हें जोड़ने की चुनौती है। इन कंपनियों के साथ चंद्रशेखरन को ग्रुप में पहले से मौजूद फर्मों की ओर भी देखना चाहिए। उन्हें सोचना चाहिए कि इनका लाभ किस तरह से लिया जा सकता है? कैसे उन्हें फैसले करने की और आजादी दी जा सकती है? उन कंपनियों की मैनेजमेंट टीम पर चंद्रशेखरन को भरोसा करना होगा। अगर वह उन्हें इन्वेस्टमेंट बैंकरों और बाहरी कंसल्टेंट्स के भरोसे छोड़ देंगे तो वह मुनासिब नहीं होगा।

और सुपर ऐप को कामयाब बनाने के लिए कम से कम दो ऐसे सेग्मेंट होने चाहिए, जिनका यूजर्स बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करें। ग्रॉसरी में यह काम बिग बास्केट के जरिये हो सकता है, लेकिन ऐसा कोई दूसरा बिजनेस नहीं है। टाटा फाइनैंशल सर्विसेज से यह कमी पूरी हो सकती थी, लेकिन ग्रुप ने काफी हद तक यह मौका गंवा दिया। कार से लेकर कॉफी तक के बिजनेस में होने के बावजूद टाटा ग्रुप डिजिटल क्षेत्र में विस्तार नहीं कर पाया है, जबकि उसके पास लाखों की संख्या में तो वेंडर और सप्लायर ही हैं।

कंपनी की इलेक्ट्रिक गाड़ियों, ग्रीन पावर बिजनेस में एक तेजी दिख रही है। इसमें ग्रुप के अलग-अलग बिजनेस का फायदा एक दूसरे को हो रहा है। कंपनी को इस फॉर्मूले को और भी अधिक बिजनेस में आजमाना चाहिए। खासतौर पर होटल और एफएमसीजी बिजनेस में। क्या डिजिटल बिजनेस को लेकर बनी रणनीति से टाइटन को दूर रखना ठीक होगा, जो ग्रुप का अपना ही कंस्यूमर ब्रैंड है।

एविएशन में दिक्कत

कोरोना महामारी के कारण ग्रुप के होटल और एविएशन बिजनेस पर बुरा असर पड़ा है। एयर इंडिया के आने के साथ मुश्किल और बढ़ गई है। वैसे, ग्रुप के स्टील बिजनेस को कमोडिटी के दाम बढ़ने का फायदा मिला है। इसके बावजूद स्टील और ऑटो बिजनेस पर अभी भी ३० अरब डॉलर का शुद्ध कर्ज है। वह भी ऐसे वक्त में, जबकि ईएसजी (एन्वायरनमेंटल, सोशल और गवर्नेंस) की मांग तेज हो रही है और उसका इन दोनों ही बिजनेस पर असर पड़ रहा है। इस कारण कंपनियों को कार्बन एमिशन में कटौती करनी पड़ी है। हालांकि, इलेक्ट्रिक गाड़ियों और स्टील बनाने के लिए कम प्रदूषण की तकनीक को अपनाने पर काफी खर्च करना पड़ेगा। इसके लिए सरकार से सब्सिडी के साथ अरबों डॉलर का पूंजीगत निवेश करना होगा। टाटा ग्रुप में कई लीडर टाटा एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज से आए हैं। वे शायद ग्रुप को डिजिटल युग में ले जाने के लिए ठीक नहीं हैं क्योंकि उनके पास इसकी विशेषज्ञता नहीं है। इसके लिए नए लीडरों की जरूरत है। चंद्रशेखरन को यह काम जल्द करना चाहिए।

वयमद्येन्द्रस्य प्रेष्ठा वयं श्वो वोचेमहि समर्ये।

वयं पुरा महि च नो अनु द्यून्तन्न ऋभुक्षा नरामनु ष्यात्।।

(ऋग्वेद १-१६७-१०)

हम परमेश्वर के आज प्रियतम है। हम कल भी जीवन के संग्राम में उसके अनुकूल कार्य करते रहें और उसके प्रिय बने रहे।

We are the dearest children of the God today. May we continue to work according to Him in the struggle of life and remain dearest to Him in future as well.

(Rig Veda 1-167-10)

# गोवाः 12 विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाएं खारिज

पणजी । बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा पीठ ने २०१९ में अपनी-अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले १२ विधायकों को विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य ठहराने की मांग वाली दो याचिकाएं बृहस्पतिवार को खारिज कर दीं।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश चोडनकर ने उन १० पार्टी विधायकों को विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका दायर की थी, जो जुलाई २०१९ में भाजपा में शामिल हो गए थे। वहीं, महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) के विधायक सुदीन धवलिकर ने भी अपने दो विधायकों के खिलाफ ऐसी ही याचिका दायर की थी, जो इस क्षेत्रीय दल से अलग होकर भाजपा में शामिल हो गए थे।

बृहस्पतिवार को जस्टिस मनीष पिताले और जस्टिस आरएन लड्ढा की पीठ ने कहा कि याचिकाएं खारिज की जाती हैं। इससे पहले, गोवा विधानसभा के अध्यक्ष राजेश पाटनेकर ने पिछले साल २० अप्रैल को चोडनकर और धवलिकार की ऐसी ही अर्जियां खारिज कर दी थीं। गोवा की ४० सदस्यीय विधानसभा के लिए इस साल १४ फरवरी को चुनाव हुए हैं और मतगणनना १० मार्च को होगी।

# बैलेट पेपर से मतदान करने की व्यवस्था में सुधार लाने की मांग

कार्यालय संवाददाता

पिथौरागढ़। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने सेना को बैलेट पेपर से मतदान करने की व्यवस्था में सुधार लाने की मांग की। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य आयुक्त को पत्र भेजकर इस व्यवस्था में बदलाव करते हुए सेना को तैनाती स्थल के संसदीय क्षेत्र में मतदान का अधिकार दिया जाना चाहिए।

मर्तोलिया ने डीडीहाट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भेजे गए बैलट पेपर को लेकर वायरल वीडियो को गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि सेना को मत का अधिकार दिया जाना चाहिए। वे इसके पक्ष में हमेशा रहे, लेकिन जिस प्रकार से सेना को प्राप्त वैलेट पेपर से मिलने वाले मतों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है, यह लोकतंत्र लोकतंत्र के लिए घातक है।उन्होंने कहा कि इस वायरल वीडियो को आज भारत निर्वाचन आयोग कोई पत्र के साथ भेजा गया है।

इस वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए इस व्यवस्था में सुधार की मांग की गई है। साथ ही यह भी कहा गया है कि इस बार के मतगणना में पिथौरागढ़ जनपद से भेजे गए वेलेट पेपर से प्राप्त मतों की गणना किसी भी दशा में न की जाए।

मर्तोलिया ने कहा कि सेना मुख्यालय में जिस प्रकार से एक व्यक्ति के द्वारा जंगलराज या बूथ कैप्चरिंग जैसा दृष्य दिखाकर सभी के मत जबरन डाला जा रहा है। यह अति गंभीर मामला है।

मर्तोलिया ने कहा कि सेना के मतदाताओं के लिए भेजे गए मतों के साथ हमेशा यही होता आया है। पहली बार इसके साक्ष्य सामने आए है।

कहा कि मोदी सरकार द्वारा तय अधिकारियों के कब्जे में इन वैलेट पेपर को रखकर सरकार के इशारों पर वोट दिए जाते है। इसलिए इन मतों को इस बार गणना से दूर रखा जाना चाहिए।

मर्तोलिया ने कहा है सेना को जिस संसदीय क्षेत्र में है, वहीं पर लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में मत का मौका मिलना चाहिए। इस तरह से मताधिकार का अपमान नहीं होना चाहिए।

## दुकान की छत काटकर चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरो ने दुकान की छत काटकर हजारों का माल चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीपोखरी निवासी दीपक कुमार ने रानीपोखरी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी क्षेत्र में दीपक ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। गत रात्रि चोरों ने उसकी दुकान की छत को काटकर उसमें प्रवेश कर हजारों रूपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## वाहन की चपेट में आकर महिला घायल

संवाददाता

देहरादून। वाहन की चपेट में आकर महिला घायल हो गयी जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरमौर मार्ग राजेन्द्र नगर निवासी मीना वर्मा बाजार से घर जा रही थी तभी तेज गति से आ रहे वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयीं। स्थानीय लोगों ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया। महिला के पुत्र सुशांत वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक मोहित कुमार पुत्र गंगा प्रसाद निवासी सिरमौर मार्ग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय दून में मनाया जा रहा है आजादी का अ0मृत महोत्सव सप्ताह




देहरादून (कासं)। विदेश मंत्रालय २१ से २७ फरवरी २०२२ तक आजादी का अमृत महोत्सव सप्ताह मना रहा है। १२ मार्च २०२१ को प्रधान मंत्री द्वारा ध्वजांकित समारोह को पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। विदेश में भारत के सभी मिशन, पोस्ट और देश में स्थित ३८ क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय इस समारोह को मना रहे हैं। सप्ताह के दौरान, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय देहरादून दैनिक आधार पर कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

# लाइन लॉस में आ रही कमी, मोर्चा की बड़ी जीतः नेगी

संवाददाता



विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि विद्युत विभाग की लापरवाही की वजह से लाइन लॉसेस एवं एटी एंड सी हानियां के चलते प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को महंगे दामों पर बिजली मुहैया कराई जाती है, जिसका खामियाजा अंततः जनता को ही भुगतना पड़ता है।

उन्होने कहा कि मोर्चा द्वारा वितरण हानियां एवं एटी एंड सी हानियां कम करने हेतु शासन से आग्रह किया गया था, जिसके क्रम में शासन ने एमडी, यूपीसीएल को निर्देश दिए एवं अनुपालन में यूपीसीएल के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों ने राजस्व वसूली, विद्युत चेकिंग, विद्युत चोरों के खिलाफ एफआईआर व कैंप लगाकर लाइन लॉस कम करने की दिशा में कार्रवाई शुरू की,जोकि मोर्चा की बहुत बड़ी जीत है। कहा कि वर्ष 2019-20 में सरकार द्वारा 14139.31 मिलियन यूनिट्स खरीदी गई एवं उसके सापेक्ष 12538.65 मिलियन यूनिट्स बेची गई, इस प्रकार 1600.66 मिलियन यूनिट्स यानी 160 करोड़ यूनिट्स लाइन लॉस में चली गई। इसी प्रकार वर्ष 2018-19 में 14083.69 मिलियन यूनिट्स खरीद के सापेक्ष 12295.20 मिलियन यूनिट्स बेची गई, इस प्रकार 1788.49 मिलियन यूनिट्स लाइन लॉस में चली गई। इस लाइन लॉस की चलते सरकार को प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके अतिरिक्त वितरण एवं ए टी एंड सी हानियां 30-35 फीसदी हैं। उन्होंने कहा कि मोर्चा को उम्मीद है कि इससे प्रदेश के उपभोक्ताओं को भविष्य में काफी हद तक राहत मिल सकेगी। पत्रकार वार्ता में गोविंद सिंह नेगी, दिनेश राणा, गुरविंदर सिंह व संजय बंसल मौजूद थे।

## संघर्ष समिति ने की एम्स में हुई भर्तियों की जांच की मांग

संवाददाता

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति ने एम्स में हुई भर्तियों की जांच की मांग करने हुए उसे निरस्त करने की मांग।

आज यहां नेताजी संघर्ज समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी ने एक बयान जारी करते हुए ऋषिकेश एम्स में हुई भर्तियों की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि एम्स में करीब 600 लोगों को नियुक्ति प्रदान की गई है और उन नीतियों में से एक परिवार के 6 लोगों को भी एम्स में नियुक्ति किया गया है जो कि एक सोचनीय एवं विचारणीय विषय है।

समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने प्रदेश सरकार से आशा ही नहीं विश्वास की प्रकट किया है कि वह तत्काल प्रभाव से नियुक्तियां निरस्त करें तथा उत्तराखंड के बेरोजगारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दें ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े तथा उन्हें न्याय प्राप्त हो सके।

## स्मैक तस्करी में नेपाली नागरिक गिरफ्तार




हमारे संवाददाता

चम्पावत। नशा तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे आप्रेशन क्रैक डाउन अभियान के तहत पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने कल देर रात दो नेपाली तस्करों को 21.02 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कल देर रात थाना टनकपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थो की तस्करी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया गया।

इस दौरान संयुक्त टीम को बैराज क्षेत्र में दो संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। संयुक्त टीम द्वारा जब उन्हे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से 21. 02 ग्राम स्मैक बरामद की। थाने लाकर की गयी पूछताछ में उन्होने अपना नाम इन्दर ओखेड़ा पुत्र झोसे ओखेडा व सुरेश ओड पुत्र स्व. प्रेम राम ओड़ निवासी कंचनपूर नेपाल बताया। पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे जेल भेज दिया गया है।

## 'स्वच्छ भारत' व 'कोरोना से बचाव' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। उज्जवल शिखर जनकल्याण समिति ने महेशानंद बहुगुणा इंटर कॉलेज माजरा देहरादून में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें कक्षा ६ से कक्षा ८ तक व कक्षा ६ से कक्षा १२ तक के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय 'स्वच्छ भारत' प्रथम ग्रुप के लिए व 'कोरोना से बचाव' दूसरे ग्रुप के लिए रखा गया था।

उज्जवल शिखर जन कल्याण समिति का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना व बच्चों में रचनात्मक एवं कलात्मक रुचि को उभारना है, संस्था कई बार विभिन्न स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, करियर काउंसलिंग व अन्य जागरूकता शिविर व वर्कशॉप का आयोजन कर चुकी है, संस्था ने करोना काल में भी ऑनलाइन कई सारी प्रतियोगिताएं आयोजित की जिसमें पूरे भारत के कई वर्गों ने इसमें हिस्सा लिया व पुरस्कृत भी हुए।

संस्था इकोब्रिक्स पर भी कार्य करती है जिसके लिए संस्था ने कैंट बोर्ड को सहयोग किया जिससे ६२ कैंटोनमेंट बोर्ड में स्वच्छता की कैटेगरी में गढ़ी कैंट छावनी परिषद को प्रेसिडेंट अवॉर्ड से नवाजा भी गया है। संस्था ने इको ब्रिक्स के माध्यम से कन्या गुरुकुल महाविद्यालय राजपुर रोड में भी इको ब्रिक्स का इस्तेमाल करते हुए कई कलाकृतियों का निर्माण किया है व आगे भी इसी इकोब्रिक्स की मुहिम को आगे बढ़ाने में लगी हुई है।

इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती छाया जुयाल, संस्था के अध्यक्ष विनय गुप्ता, व उपाध्यक्ष निकिता मित्तल मौजूद रहे।

## अपने स्किन केयर रुटीन में शामिल करें ये फेशियल, मिलेंगे कई फायदे

वैसे तो आपको कॉस्मेटिक की दुकानों से तरह-तरह की फेशियल किट मिल जाएंगी, लेकिन उनमें मौजूद क्रीम, जेल और स्क्रब आदि केमिकल्स युक्त होते हैं, जो त्वचा को कुछ मिनट का निखार और लंबे समय तक कई तरह की समस्याएं दे सकते हैं। इसलिए बेहतर होगा कि आप उनका इस्तेमाल न करें बल्कि घर पर ही कुछ फेशियल फेस पैक बनाकर लगाएं। आइए आज हम आपको कुछ फेशियल बनाने और लगाने का तरीका बताते हैं।

केला, शहद और ओट्स का फेशियल

केला और शहद त्वचा को पोषित और मॉइश्चराइज करने में मदद कर सकता है। वहीं, ओट्स डेड स्किन सेल्स से राहत दिलाने और त्वचा को निखारने में कारगर है। फेशियल के लिए पहले एक कटोरी में एक चम्मच शहद, दो बड़ी चम्मच ओट्स और एक केला (मैश किया हुआ) मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें और 10-15 मिनट के बाद चेहरे और गर्दन को गुनगुने पानी से धो लें।

योगर्ट और अंडे का फेशियल

योगर्ट त्वचा को मुलायम बनाने और गहराई से साफ करने में मदद कर सकता है। वहीं, अंडा त्वचा के अतिरिक्त तैलीय प्रभाव को कम करने में सहायता प्रदान कर सकता है। फेशियल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एक अंडे का सफेद भाग और एक चम्मच योगर्ट मिलाएं। अब इस मिश्रण को अच्छे से फेंटे और अपने चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें और जब मिश्रण सूख जाए तो चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

एवोकाडो, नींबू और शहद का फेशियल

यह एवोकाडो, नींबू और शहद का फेशियल रूखी त्वचा वाले लोगों के लिए एकदम परफेक्ट है क्योंकि यह त्वचा को हाइड्रेशन और नमी प्रदान करने में कारगर है। इस फेशियल के लिए पहले एक कटोरी में एक बड़ी चम्मच एवोकाडो का गूदा, एक चम्मच शहद और एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं, फिर इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर सर्कुलर मोशन में मलें और जब मिश्रण सूख जाए तो चेहरे को पानी से धो लें।

कॉफी और योगर्ट का फेशियल

कॉफी और योगर्ट का यह फेशियल प्रदूषण और अन्य कारकों के कारण क्षतिग्रस्त हुई त्वचा को पुनर्जीवित करने में मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में एक चम्मच कॉफी पाउडर, एक चम्मच योगर्ट और एक चम्मच शहद को मिलाएं, फिर इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर इसे 20-25 मिनट के बाद धो लें। इसके बाद चेहरे को तौलिये सो थपथपाकर सुखाएं और मॉइश्चराइजर लगाएं।

## अजय देवगन ने शुरु की दृश्यम 2 की शूटिंग, सामने आई सेट से पहली तस्वीर

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अभिनीत दृश्यम के सीक्वल की शूटिंग शुरू हो गई है। अभिषेक पाठक इस फ्रेंचाइजी के अगले अध्याय का निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। दृश्यम 2 को लेकर अजय ने कहा कि दृश्यम को पसंद किया गया था। अब मैं दृश्यम 2 के साथ एक और दिलचस्प कहानी पेश करने के लिए उत्साहित हूं। विजय एक बहुआयामी चरित्र है। वह परदे पर कहानी को आकर्षक बनाता है। मैं भाग 2 के लिए उत्सुक हूं। दृश्यम 2 की शूटिंग मुंबई में अजय देवगन के साथ शुरू हो गई है और आने वाले महीनों में इसकी बड़े पैमाने पर शूटिंग गोवा में की जाएगी। दृश्यम 2 में तब्बू, श्रिया सरन, इशिता दत्ता सहित पहली फिल्म की स्टार कास्ट भी शामिल होगी। यह फिल्म पहली फिल्म की घटनाओं के सात साल बाद शुरू होती है और विजय के अपने परिवार की रक्षा करने के संकल्प का परीक्षण करती है जिसके लिए वह किसी भी सीमा को पार कर जाएगा। इस फिल्म का उद्देश्य क्राइम-थ्रिलर जॉनर को हर संभव तरीके से न्याय दिलाना है। अभिषेक पाठक ने साझा किया कि एक सफल फ्रैंचाइजी फिल्म का आधिकारिक रीमेक बनाना एक सम्मान और एक चुनौती है। अजय देवगन के साथ काम करने का अवसर मनोबल बढ़ाने वाला है। किसी भी रचनात्मक व्यक्ति के लिए, उनका अनूठा प्रभाव निस्संदेह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से सबसे समृद्ध अनुभव है।

टी-सीरीज के चेयरमैन भूषण कुमार कहते हैं कि अजय देवगन के पावरपैक प्रदर्शन और दृश्यम में कौशल ने निश्चित रूप से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्साह को बरकरार रखते हुए, हम इसके सीक्वल को फिल्माते हुए खुश हैं जो इस फ्रैंचाइजी को एक पायदान ऊपर ले जाएगा।

### वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

## स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का कारण बन सकता है ब्रेड का अधिक सेवन



अमूमन लोगों का मानना है कि सफेद ब्रेड की तुलना में ब्राउन ब्रेड का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहतर है, लेकिन ऐसा तभी संभव है, जब आप सीमित मात्रा में इसका सेवन करें। बात चाहें सफेद ब्रेड की हो या ब्राउन ब्रेड की, अगर आप इनका अधिक सेवन करते हैं तो ये स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का कारण बन सकती हैं। आइए जानते हैं कि ब्रेड के अधिक सेवन से कौन-कौन सी समस्याएं हो सकती हैं।

बढ़ सकता है वजन

ब्रेड का अधिक सेवन बढ़ते वजन का कारण बन सकता है और इसकी मुख्य वजह इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट और कैलोरी है। इस समस्या को सामान्य न समझें क्योंकि यह शरीर को कई अन्य बीमारियों का घर बना सकती है। इसलिए सीमित मात्रा में ही ब्रेड का सेवन करें। वैसे कभी-कभी कुछ शारीरिक समस्याओं के कारण भी लोगों का वजन बढ़ने लगता है, इसलिए बढ़ते वजन की समस्या की असल वजह जानने के लिए डॉक्टर से संपर्क करें।

मधुमेह होने का रहता है खतरा

ब्रेड का अधिक सेवन शरीर में रक्त शर्करा का स्तर बढ़ा सकता है और इससे व्यक्ति के इंसुलिन में भी बदलाव होने लगता है। यह बदलाव मधुमेह का खतरा उत्पन्न कर सकता है। बता दें कि मधुमेह एक गंभीर समस्या है, जो व्यक्ति को मौत के मुंह में भी धकेल सकती है। इसलिए जिन लोगों को पहले से ही मधुमेह है तो वे कम ही ब्रेड का सेवन करें। वहीं, स्वस्थ व्यक्ति भी सीमित मात्रा में ब्रेड खाएं।

हो सकती है ब्लोटिंग की समस्या

अगर आप ब्रेड का अधिक सेवन करते हैं तो इसके कारण आपको ब्लोटिंग की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि खाने का पाचन ठीक ढंग से न होने के कारण पेट में गैस बनने लगती है और ऐसे में लोगों को पेट फूलने की समस्या से जूझना पड़ता है। पेट फूलने की समस्या को अंग्रेजी में ब्लोटिंग भी कहा जाता है, जिसकी वजह से पेट से जुड़ी कई समस्याएं होने लगती हैं।

कब्ज होना

ब्रेड का अधिक सेवन पाचन तंत्र के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है क्योंकि पाचन तंत्र ब्रेड की अधिक मात्रा को सही ढंग से पचाने में असमर्थ रहता है। इसके कारण व्यक्ति को कब्ज की समस्या होने की अधिक संभावना रहती है। इसके अलावा, इसकी वजह से गैस और पेट दर्द जैसी कई तरह की समस्याओं से भी जूझना पड़ सकता है। इसलिए भूल से भी ब्रेड का अधिक सेवन न करें। (आरएनएस)

## 'भाभीजी घर पर हैं' में नई 'गोरी मेम' बनेगी फ्लोरा सैनी

छोटे पर्दे का बेहद लोकप्रिय शो 'भाबीजी घर पर हैं' एक बार फिर चर्चा में आ गया है। कुछ साल पहले इस शो में शिल्पा शिंदे ने अच्छा प्रदर्शन किया था। सौम्या टंडन भी कोरोना वायरस महामारी के बाद शो से बाहर हो गईं। इसके बाद शो में जानी-मानी एक्ट्रेस नेहा पेंडसे की एंट्री हुई थी . इस शो में वह 'गोरी मेम' यानी 'अनीता भाभी' का किरदार निभा रही हैं. नेहा से पहले यह रोल एक्ट्रेस सौम्या टंडन ने कई सालों तक निभाया था। लेकिन, अब यह बात सामने आई है कि नेहा पेंडसे ने भी 'भाभी जी घर पर हैं' से अच्छा काम किया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक नेहा पेंडसे के जल्द ही शो छोड़ने की अफवाह उड़ी थी. दूसरी ओर, यह बताया गया कि निर्माताओं ने एक नई 'अनीता भाभी' की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन अब खबर है कि नई अनीता भाभी की क्रिएटर्स की तलाश खत्म हो गई है। ऐसे में भतीजी घर पर हैं इस शो में गोरी मेम की जगह कौन सी खूबसूरती लेगी? ये जानने के लिए फैंस भी बेताब हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस फ्लोरा सैनी अब शो में अनीता भाभी के रोल में नजर आएंगी.

रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने 'अनीता भाभी' के रोल के लिए फ्लोरा सैनी से संपर्क किया है। और अगर सब कुछ योजना के अनुसार हुआ, तो फ्लोरा अब दर्शकों का मनोरंजन करते हुए एक नए सुनहरे बालों वाली मीम के रूप में नजर आएंगी। दरअसल सौम्या टंडन के शो छोड़ने के बाद निर्माताओं ने फ्लोरा सैनी को रोल ऑफर किया था। लेकिन फिर उन्होंने इस भूमिका को निभाने से इनकार कर दियाउसके बाद, भूमिका नेहा पेंडसे पर गिर गई।

निर्माताओं ने अभी तक फ्लोरा सैनी के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। क्योंकि, अभी तक एक्ट्रेस की ओर से कुछ नहीं कहा गया है। फ्लोरा सैनी ने कई सीरीज समेत कई बड़ी फिल्मों में अभिनय किया है। जिसमें दबंग 2, स्त्री और बेगम जान जैसी फिल्में शामिल हैं। इसमें फ्लोरा अहम भूमिका निभाती नजर आईं। नेहा पेंडसे ने शो के लिए एक साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -133


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक132का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्ब | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

# अनन्या, सिद्धांत और आदर्श मार्च में खो गए हम कहां की शूटिंग करेंगे शुरु

हाल में फरहान अख्तर ने अपनी फिल्म खो गए हम कहां का ऐलान किया था। सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या पांडे और आदर्श गौरव की तिकड़ी इस फिल्म में नजर आएगी। फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण किया जाएगा। अब सुनने में आ रहा है कि अनन्या, सिद्धांत और आदर्श मार्च में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी अर्जुन वरैन सिंह को सौंपी गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अनन्या, सिद्धांत और आदर्श मार्च में खो गए हम कहां की शूटिंग शुरू करेंगे। अनन्या ने फिल्म को लेकर अपनी उत्सकुता व्यक्त की है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि फिल्म की कहानी बहुत रिफ्रेशिंग है। मुझे एक्सेल और टाइगर बेबी के साथ जोया की बनाई फिल्में पसंद हैं। वे आपको हमेशा जीवन के बारे में कुछ न कुछ सिखाते हैं। मुझे लगता है कि लंबे समय बाद एक फ्रेंडशिप फिल्म देखने में मजा आएगा।

खो गए हम कहां दोस्ती पर आधारित फिल्म है, जिसमें मनोरंजन का डोज शामिल होगा। फिल्म में बॉम्बे शहर में तीन दोस्तों की कहानी देखने को मिलेगी। फिल्म की कहानी आधुनिक पीढ़ी को ध्यान में रखकर लिखी गई है। एक्सेल एंटरटेनमेंट के पोस्ट में लिखा गया था, दोस्त तलाशें, फॉलोअर्स की जरूरत नहीं पड़ेगी। फिल्म की कहानी जोया अख्तर, अर्जुन वरैन सिंह और रीमा कागती ने लिखी है। यह 2023 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

दीपिका पादुकोण की फिल्म गहराइयां हाल में स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ अभिनेता सिद्धांत और अनन्या भी दिखी हैं। ये अलग बात है कि दोनों कलाकारों के अभिनय को दर्शकों ने खास तव्वजो नहीं दी। फिल्म में सिद्धांत को जितना स्क्रीन स्पेस मिला, वह इसे भुनाने में नाकामयाब रहे हैं। इस फिल्म को दीपिका के शानदार अभिनय के लिए याद रखा जाएगा।

# सलमान से शादी करने को तैयार है उर्वशी रौतेला! खुद कर चुकीं है खुलासा

अब बालीवुड के सलमान खान की आयु 56 वर्ष हो चुके है लेकिन आज भी लड़कियां उनको देखकर ही उन पर अपना दिल हार जाती है। यही नहीं बॉलीवुड की अभिनेत्रियां भी उनसे शादी करना चाह रही हैं और उनमें बहुत सारी अभिनेत्रियां भी शामिल है। हेट स्टोरी 4 में अपने ग्लैमरस अवतार से लोगों के दिमाग ठिकाने लगाने वाली अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी विवाह करना चाहती हैं इस बात का खुलासा खुद उन्होंने ही किया था। उन्होंने बताया कि हां वह सलमान की बहुत बड़ी फैन है फिर उनसे प्रश्न किया गया कि क्या उनसे विवाह करना चाहती हैं? तो उन्होंने तुरंत ही हां बोल दिया। और बोला कि सलमान खान के कौन शादी नहीं करना चाहता है जैसे हर कोई विवाह करना चाहता है, वैसे मैं भी करना चाहती हूं। वैसे तो सलमान खान की शादी की चर्चाएं आए दिन होती रहती हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार सलमान खान 56 वर्ष के हो गए है। वह विवाह क्यों नहीं कर रहे हैं इस बात का खुलासा तो भी नहीं हो पाया है लेकिन उनका विवाह का चर्चाएं होती रहती है। पर आपको बता दें कि उर्वशी रौतेला सलमान से बहुत छोटी है अगर वो सलमान से शादी कर लेती हैं तो उनके मध्य उम्र का बड़ा फैसला होगा उर्वशी अपने बहुत से साक्षत्कार में बता चुकी हैं कि उनका फोकस केवल उनके करियर पर है।

# 1 जुलाई को रिलीज होगी माधवन की 'रॉकेटः द नांबी इफेक्ट'

अभिनेता आर. माधवन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रॉकेटरी: द नांबी इफेक्ट' इस साल 1 जुलाई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इसरो के पूर्व वैज्ञानिक और एयरोस्पेस इंजीनियर, भारतीय वैज्ञानिक नंबी नारायणन के जीवन का पता लगाते हुए, जो एक जासूसी घोटाले की गिरफ्त में थे, जीवनी नाटक रहस्य के पीछे की सच्चाई का खुलासा करेगा।

फिल्म के लिए संगीत भारत में सैम सीएस द्वारा तैयार किया गया है।

फिल्म को हिंदी, तमिल और अंग्रेजी सहित कई भाषाओं में एक साथ शूट किया गया है, और इसे तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी रिलीज़ किया जाएगा।

जबकि माधवन नामांकित नाम्बी नारायणन की खाल में दिखाई देंगे, उन्होंने फिल्म का निर्देशन, निर्माण और लेखन भी किया है।

सिमरन, रजित कपूर, रवि राघवेंद्र, मिशा घोषाल, गुलशन ग्रोवर, कार्तिक कुमार और दिनेश प्रभाकर के साथ प्रशंसित अंतरराष्ट्रीय अभिनेता फीलिस लोगन, विंसेंट रिओटा, रॉन डोनाइच के साथ एक शक्तिशाली कलाकारों की टुकड़ी के साथ, फिल्म में सुपरस्टार शाह द्वारा विशेष उपस्थिति देखी जाएगी रुख खान और सूर्या। फिल्म ने पहले ही अपने ट्रेलर के साथ दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा दी है, जो इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। माधवन की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म मानी जाने वाली, प्रशंसक तीन साल बाद बड़े पर्दे पर उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं, खासकर उनके पहले कभी न देखे गए अवतार को देखते हुए। विशाल पैमाने पर मंचित, फिल्म की शूटिंग भारत, फ्रांस, कनाडा, जॉर्जिया, सर्बिया और रूस में की गई है।

# मधुर भंडारकर की फिल्म बबली बाउंसर में नजर आएंगी तमन्ना भाटिया



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। वह कई बॉलीवुड फिल्मों का भी हिस्सा रही हैं और अब अभिनेत्री मशहूर निर्देशक मधुर भंडारकर के साथ काम करने जा रही हैं। पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि दोनों साथ काम करने वाले हैं, लेकिन इस खबर की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई थी। अब आखिरकार सोशल मीडिया पर इस फिल्म का ऐलान हो गया है।

फिल्म फॉक्स स्टार स्टूडियोज और जंगली पिक्चर्स के बैनर तले बन रही है। जंगली पिक्चर्स ने ट्विटर पर लिखा, बच के रहना भाइयों और बहनों। आ रही है बबली बाउंसर! तमन्ना भाटिया ब्यूटी अपनी ड्यूटी पर लौटने वाली हैं। अब किसी का दिल टूटेगा या दांत। जवाब है सिर्फ निर्देशक मधुर भंडारकर के पास। लगता है फिल्म में तमन्ना लोगों की धुनाई करती दिखेंगी। चर्चा है कि वह पहली बार किसी बॉलीवुड फिल्म में मजबूत किरदार में दिखाई देंगी।

तमन्ना ने भी सोशल मीडिया पर अपने फैंस को फिल्म के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर मधुर भंडारकर के साथ क्लैपबोर्ड लिए एक तस्वीर पोस्ट की। इसके साथ उन्होंने लिखा, घना इंतजार किया है इस दिन का। जब से मधुर भंडारकर ने बबली बाउंसर के बारे में बताया है मैं तो बबली की बणगी। आज से शूट शुरू हो गया है। तमन्ना फिल्म में मधुर भंडारकर के साथ काम करने को लेकर बेहद खुश और उत्साहित हैं।

तमन्ना ने फिल्म चांद सा रोशन चेहरा से 2005 में बॉलीवुड में कदम रखा था। यह फिल्म कब आई-गई पता नहीं चला। वह अजय देवगन के साथ फिल्म हिम्मतवाला में दिखीं। फिल्म को लेकर हो-हल्ला खूब हुआ, लेकिन तमन्ना हिंदीभाषी दर्शकों के बीच अपना जादू नहीं चला पाईं। फिल्म हमशकल्स और अक्षय कुमार के साथ उनकी फिल्म एंटरटेनमेंट ने भी दर्शकों को निराश किया। तमन्ना की फिल्में तूतक तूतक तूतिया और खामोशी भी दर्शकों की कसौटी पर खरी नहीं उतरीं।

बाहुबली के बाद तमन्ना को पूरे भारत में पसंद किया जाने लगा है। उनकी दमदार फैन फॉलोइंग है। तमन्ना की आने वालीं फिल्मों की बात करें तो वह फिल्म क्वीन के तेलुगु रीमेक देट इज महालक्ष्मी में अहम भूमिका निभाएंगी। तेलुगु कॉमेडी फिल्म एफ3 और हिंदी फिल्म प्लान ए प्लान बी में भी तमन्ना काम कर रही हैं। उनकी नवाजुद्दीन सिद्दकी के साथ फिल्म बोले चूड़ियां आने वाली है। वह फिल्म भोला शंकर में सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ दिखाई देंगी। (आरएनएस)7

# शादी के बंधन में बंधे फरहान अख्तर-शिबानी दांडेकर

काफी समय से बॉलीवुड गलियारों में अभिनेता फरहान अख्तर और उनकी गर्लफ्रेंड शिबानी दांडेकर की शादी की चर्चा चल रही थी। अब आखिरकार यह कपल शादी के पवित्र बंधन में बंध गया है। उनकी शादी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। सेलिब्रिटीज के साथ-साथ फैंस इस नवविवाहित जोड़े को बधाइयां दे रहे हैं। इन दोनों ने परिवार की मौजूदगी में एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की है।

सूत्रों ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर फरहान-शिबानी की तस्वीरें शेयर की हैं। वाकई में फरहान और शिबानी दुल्हा-दुल्हन के ड्रेस में जंच रहे हैं। शादी के खास अवसर पर शिबानी ने रेड और पेस्टल कलर का गाउन पहना है। वहीं, ब्लैक सूट-बूट में फरहान किसी राजकुमार से कम नहीं लग रहे हैं। मुंबई के खंडाला वाले फार्महाउस पर करीबी दोस्तों और परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में उनकी शादी संपन्न हुई है।

अभिनेता फरहान की शादी में शिरकत करने के लिए बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकार पहुंचे हैं। शिबानी की करीबी दोस्त और अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती इस शादी में शामिल हुई हैं। शिबानी की बहन अनुषा दांडेकर इस खास मौके पर मौजूद रहीं। इसके अलावा अमृता अरोड़ा, ऋतिक रोशन, राकेश रोशन, पिंकी रोशन समेत अन्य मेहमान भी शादी में शामिल हुए। बता दें कि ऋतिक फरहान के करीबी दोस्त माने जाते हैं।

फरहान के बिजनेस पार्टनर और निर्माता रितेश सिधवानी को शादी के वेन्यू पर स्पॉट किया गया था। वहीं, संगीत की तिकड़ी शंकर, एहसान और लॉय को भी देखा गया। एक करीबी सूत्र ने बताया, फरहान अपनी शादी को जितना हो सके उतना बेसिक और सिंपल रखना चाहते थे। मेहमानों को शादी के लिए पेस्टल और व्हाइट जैसे कलर के कपड़े पहनकर आने के लिए कहा गया था।

फरहान और शिबानी एक-दूसरे को पिछले तीन साल से अधिक समय से डेट कर रहे थे। फरहान की यह दूसरी शादी होगी। उन्होंने सेलेब्रिटी हेयर स्टालिस्ट अधुना भबानी को तीन साल तक डेट करने के बाद 2000 में उनसे शादी की थी। शादी के 16 साल बाद 2017 में उनका तलाक हुआ था। फरहान और अधुना की दो बेटियां हैं शाक्या और अकीरा। अधुना, डीनो मोरिया के भाई निकोलो मोरियो के साथ रिलेशनशिप में हैं।

# खतरनाक अंदाज में अक्षय की एंट्री, फिल्म बच्चन पांडे का ट्रेलर रिलीज

अक्षय कुमार साल में सबसे ज्यादा फिल्में करते हैं। इस साल भी उनकी एक से बढ़कर एक फिल्में रिलीज होने वाली हैं। बच्चन पांडे भी उनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। बीते दिन सोशल मीडिया पर फिल्म के पोस्टर वायरल हो रहे थे। फिल्म में काम कर रहीं अभिनेत्री कृति सैनन का लुक भी सामने आया था और आज बच्चन पांडे का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ने अपने सोशल मीडिया पर बच्चन पांडे का ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, धूम धड़ाका रंग पटाखा, आओ बना लो टोली। इस बार बच्चन पांडे ला रहे हैं। होली पे गोली। ट्रेलर रिलीज से कुछ घंटे पहले अक्षय ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया था, जिसमें अक्षय और जैकलीन फर्नांडिस रोमांटिक मूड में नजर आ रहे थे।

रेंलर में अक्षय एक खतरनाक गैंगस्टर के रोल में नजर आए हैं, वहीं कृति फिल्ममेकर बनी हैं, जो बच्चन पांडे पर फिल्म बनाना चाहती है। फिल्म में कृति के दोस्त बने हैं अरशद वारसी, जो कृति के कहने पर बच्चन पांडे के गढ़ पहुंचते हैं। इसके बाद सीन में पंकज त्रिपाठी और जैकलीन फर्नांडिस की एंट्री भी होती है। जैकलीन, बच्चन पांडे की गर्लफ्रेंड है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब बच्चन पांडे गर्लफ्रेंड का खून कर देता है।

फैंस फिल्म के ट्रेलर को देखते ही कह रहे हैं कि फिल्म सुपर-डुपरहिट है। ट्रेलर सामने आते ही कई लोग कमेंट सेक्शन में अंदाजा लगा रहे हैं कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई करेगी। फैंस का मानना है कि अक्षय की यह फिल्म कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ सकती है। उनके एक फैन ने लिखा, हमारे अक्की भैया आ गए तो किसी ने लिखा, क्या एंट्री मारी है बॉस? एक ने लिखा, बॉलीवुड का गॉडफादर आ गया है।

ट्रेलर में अक्षय का धाकड़ अवतार दिख रहा है। गैंगस्टर के रूप में अक्षय के डायलॉग ने उनके खतरनाक लुक को और दमदार बना दिया है। अरशद वारसी और संजय मिश्रा भी सरप्राइज की तरह सामने आए हैं। दोनों की कॉमिक टाइमिंग शानदार है।

बच्चन पांडे को साजिद नाडियाडवाल प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान फरहाद सामजी ने संभाली है। अक्षय इस फिल्म में उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले गैंगस्टर बच्चन पांडे के रोल में नजर आएंगे, जो एक्टर बनना चाहता है। बच्चन पांडे 18 मार्च यानी होली के मौके पर रिलीज होने वाली है। यह तमिल में बनी फिल्म जिगरथंडा का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में बॉबी सिम्हा, सिद्धार्थ और लक्ष्मी मेनन की तिकड़ी नजर आई थी।

# शोहरत की लय में ढलने लगे यश ढुल

अरुण नैथानी

अभी हाल ही में भारत की झोली में अंडर-19 विश्व कप का खिताब डालने वाले कप्तान यश ढुल की यश पताका लहराने लगी है। यह कामयाबी इस मायने में खास थी कि उनकी टीम के पांच खिलाड़ी लीग मैचों के दौरान कोरोना पॉजिटिव हो गये थे। मगर यश ने हिम्मत नहीं हारी थी। वे क्वारंटीन पीरियड में शेडो गेम खेलते, टीवी में क्रिकेट मैच देखकर खिलाड़ी की जगह खुद की कल्पना करते। फिर जोरदार वापसी की। सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया की दिग्गज टीम के खिलाफ उस वक्त मोर्चा संभाला जब भारत के विकेट चटकने लगे थे। फिर उनका यादगार 110 रन का शतक भारत को जीत की दहलीज तक ले गया। पूरी दुनिया के दिग्गज क्रिकेटर कहने लगे कि यश जैसे खिलाड़ियों के हाथों में भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित है। देश लौटकर यश ने कहा था कि मेरी प्राथमिकता आईपीएल नहीं, रणजी खेलना है। उन्होंने दावा किया था कि मेहनत व अभ्यास से वे 18 महीनों में सीनियर टीम में जगह बना लेंगे। लेकिन बृहस्पतिवार को गुवाहाटी में खेले गये रणजी चैंपियनशिप में दिल्ली के लिए शतक लगाकर उन्होंने बताया कि टीम में वे 18 महीने से पहले ही जगह बना लेंगे।

शायद माता-पिता ने जब उसका नाम यश रखा, उन्होंने उसका भविष्य बांच लिया था। रणजी के पहले ही मैच में शतक लगाकर यश, सचिन तेंदुलकर और रोहित के क्लब में शामिल हो गये हैं। वह भी तब जब दिल्ली की टीम संकट की ओर बढ़ रही थी। यश ने 133 गेंदों में तमिलनाडु की टीम के खिलाफ 113 रन बनाये। इस तरह इस विश्व विजेता टीम के कप्तान ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यश पताका लहराकर क्रिकेट चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा है कि वह भारतीय क्रिकेट का भविष्य है। वहीं यश की एक कामयाबी यह भी है कि आईपीएल के लिये दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें पचास लाख रुपये में अपनी टीम का हिस्सा बनाया है।



इससे पहले यश ने अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में अपने शानदार शतक से भारतीय टीम को फाइनल में पहुंचाया था। इस मैच में मजबूत आस्ट्रेलिया को भारतीय नवांकुरों ने 96 रन से मात दी थी और भारत लगातार चौथी बार अंडर-19 के फाइनल में खेल पाया। वे विराट कोहली व उन्मुक्त चंद के बाद विश्वकप में शतक जड़ने वाले तीसरे कप्तान बने। यह यश के शानदार सफर की शुरुआत है।

निस्संदेह ढुल की बल्लेबाजी में कुछ जबरदस्त क्षमता है। वे खास हैं और भारतीय टीम का भविष्य सुरक्षित है। वेस्टइंडीज से लौटने के बाद देश में जगह-जगह सम्मान के चलते वे परिवार को भी समय नहीं दे पाये। विश्व कप की तैयारी में परिवार से दो माह तक दूर रहे। चैंपियनशिप जीतने के बाद वे अपनी क्रिकेट की पहली पाठशाला बाल भवन पहुंचना नहीं भूले, जहां उनके हुनर का निखार हुआ। साथ ही उन गुरुओं का आभार जताया जिन्होंने उसके क्रिकेट को संवारा। अंडर-19 विश्वकप जीतने के बाद एक कप्तान विराट कोहली तो चमके तो उन्मुक्त चंद न चमक सके। शीर्ष स्तर पर सफलता व असफलता के प्रश्न पर यश का कहना है कि मैं भविष्य के बारे में ज्यादा न सोचकर, विनम्र रहकर मेहनत करना चाहता हूं। वैसे यश में शारीरिक मजबूती के साथ जबरदस्त मानसिक मजबूती है।

बहरहाल, आज यदि यश क्रिकेट की बगिया में महक रहे हैं तो उसके पीछे उनके परिवार का तप-त्याग है। मूल रूप से हरियाणा के रोहतक के यश ढल का परिवार पश्चिमी दिल्ली में जनकपुरी में रहता था। सेना में रहे दादा से उन्हें अनुशासन व मानसिक मजबूती मिली है। यश को दादा उंगली पकड़कर क्रिकेट अकादमी ले जाया करते थे। तब वे महज आठ साल के थे जब दादा रणजी क्रिकेटर प्रदीप कोचर की अकादमी लेकर गये। वर्ष 2017 में दादा जी का निधन हुआ तो पिता ने उनकी स्मृतियों को यश की ताकत बना दिया। उनका निधन हुआ तो अगले दिन यश मैदान में थे। फिर यह जिम्मेदारी पिता ने निभायी। पिता ने अपनी नौकरी उसके भविष्य को संवारने के लिये छोड़ दी। दादा की पेंशन से घर का खर्च चलता था।

यश जब 12 साल के थे दिल्ली के बहुचर्चित सोनेट क्लब के खिलाफ अपनी टीम के बिखरने के बाद वे चालीस ओवर तक खेले। तब विपक्षी टीम के खिलाड़ियों ने उनके अनूठे प्रदर्शन पर उन्हें कंधे पर उठा लिया था। यश की हौसला अफजाई के लिये उनके कोच कोचर व मयंक उन्हें एक शतक लगाने पर सौ रुपये देते थे। वहीं जब विजय मर्चेंट ट्रॉफी में उन्होंने 188 रन पंजाब के खिलाफ बनाये तो कोच ने पांच सौ रुपये ईनाम में दिये, जिन्हें यश ने हमेशा संभालकर रखा।

अंडर-19 विश्व कप में जब यश कोरोना संक्रमित हुए तो उनका परिवार बेहद चिंतित हुआ। खतरा था कि अपने करिअर के सबसे बड़े टूर्नामेंट से यश बाहर न हो जाये। परिवार ने कहा कि वे इसे एक चोट की तरह लें, कोविड न मानें। लेकिन यश ने कहा वह जल्दी क्रिकेट खेलेगा और टीम अंतिम आठ में होगी। बाद में हौसलों की जीत भी हुई। पश्चिमी दिल्ली के इस खिलाड़ी के जज्बे ने विश्वकप पर भारत की मोहर लगा दी। यश पश्चिमी दिल्ली के ही विराट कोहली की तरह मानसिक रूप से बेहद मजबूत हैं और संकट में टीम को उबारने का जज्बा रखते हैं। वह कहा करते थे कि मुझे विराट भैया जैसा बनना है, उनके आक्रामक क्रिकेट, कौशल व फिटनेस का अनुसरण करना है। निस्संदेह यश में एक सफल कप्तान के गुण हैं।

## साउथ से टीवी में एंट्री करने को लेकर मदालसा शर्मा ने कही बड़ी बात

टेलीविज़न के चर्चित सीरियल अनुपमा में मदालसा शर्मा काव्या का किरदार निभाती दिखाई दे रही हैं। इन्होंने घर-घर में अपनी पहचान बना ली है, मगर क्या आप जानते हैं कि टेलीविज़न डेब्यू करने से पहले मदालसा शर्मा ने कुछ बॉलीवुड तथा कई दक्षिण भारतीय फिल्में की हैं। मदालसा शर्मा, अभिनेत्री शीला शर्मा तथा निर्देशक सुभाष शर्मा की बेटी हैं। बॉलीवुड से टेलीविज़न में अपने डेब्यू पर मदालसा शर्मा ने एक इंटरव्यू में खुलकर चर्चा की।

इसके साथ ही मदालसा शर्मा ने कहा, मूवीज में काम करना लाजमी था। मेरे माता-पिता इसी फील्ड से संबंध रखते हैं। मैंने कई अच्छे दक्षिण भारतीय फिल्म के मशहूर स्टार्स तथा निर्देशकों संग काम किया है। तत्पश्चात, मेरी मिमोह चक्रवर्ती से शादी हो गई। शादी के तुरंत पश्चात् मेरे पास अनुपमा का ऑफर आया। मैंने उसे एक्सेप्ट किया तथा टेलीविज़न में डेब्यू किया।

मदालसा शर्मा ने अपने बॉलीवुड करियर पर बताया, ऐसा नहीं है कि मैंने अपना वह करियर छोड़ दिया है। मुझे सिर्फ अब यह भरोसा हो गया है कि टेलीविज़न किसी बॉलीवुड फिल्म को करने से कुछ कम नहीं है। टेलीविज़न ने मुझे अवसर दिया है परिवार संग वक़्त गुजारने तथा प्रोफेशनल लाइफ को मैनेज करने का। यह सब किस्मत है। आप किस प्रकार आपके मार्ग में आने वाली चीजों को एक्सेप्ट करते हो, यह आप पर निर्भर करता है। मुझे पूरा भरोसा है कि अभी भी फिल्मी जगत में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग प्रोजेक्ट होगा। मैं यूनिवर्स में विश्वास रखती हूं। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.133

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.132 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# महिलाओं को लाना है राजनीति के केंद्र में

जस्मिन शाह, अक्षय मराठे

राज्यों में चल रहे चुनावों का सबसे महत्वपूर्ण पहलू मुद्दों का चयन है। 'दिल्ली मॉडल' के बल पर लड़ते हुए आम आदमी पार्टी ने अपने चुनाव अभियान को शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर केंद्रित रखा है, जिन्हें भारतीय राजनीति में लंबे समय से वर्जित माना जाता रहा है और जो बीजेपी-कांग्रेस की राजनीतिक शब्दावली में भी नहीं आता। ऐसा ही एक मुद्दा जिसे लंबे समय तक राजनीतिक अभियानों में अनदेखा किया गया, वह है भारत की महिलाओं की दयनीय स्थिति। विश्व आर्थिक मंच के अनुसार 2021 में लिंग अंतर सूचकांक में 156 देशों में से भारत 140 वें स्थान पर है। पिछली बार के मुकाबले 28 स्थानों की गिरावट है। 2022 के विधानसभा चुनावों के लिए 'आप' द्वारा किए गए वादे महिलाओं की स्थिति में सुधार का एक शक्तिशाली अजेंडा पेश करते हैं।

भारतीय महिलाओं का जीवन आसान नहीं है। महिलाओं की श्रम शक्ति की भागीदारी 2005 में 31.8 फीसदी के अपने चरम पर पहुंचने के बाद पिछले कुछ वर्षों से लगातार गिर रही है। महामारी की चपेट में आने के बाद यह अब तक के सबसे निचले 9.4 फीसदी पर आ गई है। महिलाओं में बेरोजगारी भी पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक है। शहरी महिला बेरोजगारी दर 21.9 फीसदी और पुरुष बेरोजगारी दर 11.7 फीसदी है।

महामारी से पहले के सरकारी स्कूलों के नामांकन के आंकड़े बताते हैं कि भारत के सरकारी स्कूलों में लड़कों की तुलना में लड़कियां अधिक हैं। एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट 2020 से पता चला है कि 6-8 वर्ष की लड़कियों में से 62 फीसदी सरकारी स्कूलों में जाती हैं और बाकी निजी स्कूलों में। लड़कों में आंकड़ा 52.1 फीसदी है। इसका एक कारण यह भी है कि परिवार लड़कियों की तुलना में लड़कों की शिक्षा को प्राथमिकता देते हैं।



सरकारी स्कूलों में लड़कियों की संख्या अधिक होने का अर्थ यह भी है कि सार्वजनिक शिक्षा पर खर्च किया गया रुपया लड़कों की तुलना में लड़कियों को अधिक लाभ पहुंचाता है। दिल्ली में 'आप' सरकार अपने राज्य के बजट का एक चौथाई शिक्षा पर खर्च करती है। किसी भी अन्य राज्य सरकार की तुलना में यह अधिक है। चुनावी राज्यों में आम आदमी पार्टी ने सरकारी स्कूलों में मुफ्त और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का वादा किया है।

इसी तरह आम आदमी पार्टी की सरकार की तरफ से महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना ने उनके लिए पहले से कहीं अधिक अवसर खोले हैं। महिलाओं के लिए 2019 के अंत में बसें मुफ्त करने के बाद महिला सवारियों में 33 फीसदी की वृद्धि हुई, जिसका अर्थ है कि महामारी से पहले महिलाओं द्वारा प्रति दिन 5 लाख और हर महीने 1.5 करोड़ अतिरिक्त यात्राएं की गईं। सार्वजनिक बस परिवहन पर अधिक निर्भर रहने वाले शहर के लिए यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।

आम आदमी पार्टी ने 18 वर्ष से अधिक उम्र की प्रत्येक महिला को 1 हजार रुपये मासिक गारंटी आय देने का वादा किया है। इससे न केवल घरों के भीतर बल्कि समाज में भी महिलाओं की स्थिति में बदलाव आएगा। महिलाओं के पास रुपये पहुंचने से निर्णय लेने की शक्तियों का विस्तार होगा। इससे घरेलू खर्च को महिलाओं की जरूरतों जैसे शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल आदि पर केंद्रित किया सकेगा। आम आदमी पार्टी की ओर से महिलाओं के लिए किए गए वादे किसी भी तरह से एक आमूलचूल योजना नहीं बल्कि सिर्फ शुरुआत है। हमारी राजनीति की त्रासदी यह रही है कि महिलाओं को सशक्त बनाने के ऐसे बुनियादी कदमों को भी अतिवादी माना जाता है, क्योंकि कोई अन्य पार्टी इसमें दिलचस्पी नहीं दिखा रही है।

# नागरिक सुरक्षा के विभिन्न सेवाओं की दी विस्तृत जानकारी



संवाददाता

देहरादून। सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिवस के कार्यक्रमों के अंतर्गत उमेश्वर रावत डिप्टी चीफ वार्डन डिफेंस सिविल द्वारा नागरिक सुरक्षा के विभिन्न सेवाओं में विस्तृत व गहन जानकारी दी गई।

आज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अजबपुर कलां देहरादून में सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिवस के कार्यक्रमों के अंतर्गत उमेश्वर रावत डिप्टी चीफ वार्डन डिफेंस सिविल द्वारा नागरिक सुरक्षा के विभिन्न सेवाओं में विस्तृत व गहन जानकारी दी गई जैसे आपदा व बचाव कार्य, सार्वजनिक निर्माण विभाग विभाग के कार्य, दूरसंचार विभाग, अग्निशमन सेवा, हताहत सेवा इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस संदर्भ में कॉलेज की प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती नर्मदा राणा ने कहा कि नागरिक सुरक्षा विषय का ज्ञान बच्चों के लिए अति आवश्यक है जो कि भविष्य में उनके काम आएगा और साथ ही उन्होंने रावत जी का आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शीला बिष्ट ने कहा कि भविष्य में स्वयंसेवी यों को अन्य विशेषज्ञों द्वारा इसी प्रकार जानकारी दी जाएगी जिससे कि छात्राएं लाभान्वित होंगी इस अवसर पर श्रीमती अंजू कॉमेडी , श्रीमती लता रेखा जोशी श्रीमती दीप्ति, श्रीमती सुमंगला पोखरियाल, श्रीमती अनीता नौटियाल मौजूद थे।

# कॉमरेड बचीराम कौंसवाल के निधन पर धीरेंद्र प्रताप ने जताया शोक

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड बची राम कांसवाल के निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है।



धीरेंद्र प्रताप ने बची राम कंसवाल को गरीब और सर्वहारा वर्ग का एक महत्वपूर्ण प्रवक्ता बताते हुए कहा कि उन्होंने आजीवन अपने सिद्धांतों से नाता जोड़े रखा और गरीब और कमजोर तबकों की आवाज बनकर उनके प्रवक्ता बने रहे।

धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि बची राम कांसवाल कभी सत्ता के पीछे नहीं भागे और सिद्धांतों पर अडिग रहे उन्होंने कहा कि कामरेड बची राम के निधन से राज्य ने स्वच्छ राजनीति का एक मुखर चेहरा खो दिया है।

# शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार

संवाददाता

देहरादून। युवती को शादी का झांसा देकर बलात्कार करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिन्दु खेडा लालकुआं निवासी युवती ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गैरसैण निवासी प्रकाश बिष्ट यहां हरिद्वार में मेडिकल की दुकान में काम करता था तथा वह अपनी बहन के घर रायवाला में रह रही थी। उसकी पहचान प्रकाश से हुई तथा प्रकाश ने उसके साथ शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये, लेकिन जब उसने उससे विवाह करने का दबाव बनाया तो वह जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 40 पूर्व विधायक आश्रितों को मिल रही है 8.69 लाख रूपये प्रति माह पेंशन

## ❑विधानसभा सचिवालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ खुलासा

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में चाहे विभिन्न सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को उनकी मृत्यु के उपरान्त पेंशन की व्यवस्था समाप्त कर दी गयी हो, लेकिन विधायकों के आश्रितों के लिये यह व्यवस्था अभी भी जारी है। उत्तराखंड के 40 पूर्व विधायकों के आश्रितों को 8 लाख 69 हजार 250 रूपये प्रतिमाह पेंशन सरकार के खजाने से मिल रही है।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड विधानसभा के लोक सूचना अधिकारी से पूर्व विधायकों व उनके आश्रितों को मिल रही पेंशन से संबंधित सूचनायें मांगी गयी थी। इसके उत्तर में विधानसभा सचिवालय के लोक सूचना अधिकारी, उपसचिव (लेखा) हेम चन्द्र पन्त ने पूर्व विधायकों तथा उनके आश्रितों को मिल रही पेंशन सम्बन्धी सूची अपने पत्रांक 460 के साथ उपलब्ध करायी गयी है।

नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तराखंड में 40 पूर्व विधायकों के आश्रितों को हर माह कुल 8, 69, 250 रूपये की पेंशन दी जा रही है। जबकि 88 पूर्व विधायक पेंशन प्राप्त कर चुके है तथा 95 पूर्व विधायकों को 52 लाख 73 हजार 900 रू. प्रति माह की पेंशन मिल रही है।

उपलब्ध सूचना के अनुसार सर्वाधिक 63500 रू. पेंशन पूर्व विधायक नारायण दत्त तिवारी की पत्नी उज्जवला तिवारी को मिल रही है। जबकि सबसे कम 10 हजार की पेंशन वालों में प्रताप सिंह पुष्पवान की पत्नी इन्द्रा पुष्पवान, सत्येन्द्र चन्द्र गुडिया की पत्नी विमला गुड़िया, हरीदत्त काण्डपाल की पत्नी पार्वती देवी तथा चारू चन्द्र ओझा की पत्नी हरिप्रिया ओझा को मिल रही है।

२० हजार की पेंशन पाने वाले पूर्व विधायकों के आश्रितों में सुलतान सिंह भंडारी की पत्नी सरस्वती भण्डारी, फूल सिंह बिष्ट की पत्नी प्रभावति बिष्ट, योगम्बर सिंह रावत की पत्नी कमला रावत, विद्यासागर नौटियाल की पत्नी देवेश्वरी नौटियाल, साधू राम की पत्नी सुशीला देवी, किशोरी लाल सकलानी की पत्नी शकुन्तला सकलानी, लीला राम शर्मा की पत्नी बसन्ती शर्मा, हीरा सिंह बोरा की पत्नी भागीरथी बोरा, भोला दत्त पाण्डे की पत्नी मनोरमा पाण्डे, लोकेन्द्र दत्त सकलानी की पत्नी निशा रानी सकलानी, विपिन चन्द्र त्रिपाठी की पत्नी रेनु त्रिपाठी, ब्रहम दत्त की पत्नी ऊषा दत्त, देवेबहादुर सिंह की पत्नी कमला सिंह, पूरन सिंह माहरा की पत्नी माया माहरा, सुरेन्द्र राकेश की पत्नी ममता राकेश, खडक सिंह बोहरा की पत्नी कला बोहरा, सूरत चन्द्र रमोला की पत्नी कुसुम रमोला, पूरन चन्द्र की पत्नी माया देवी, शूरवीर सिंह की पत्नी सावित्री देवी, बरफिया लाल जुवांठा की पत्नी शान्ति जुवांठा, लाखन सिंह की पत्नी कान्ता देवी, गोविन्द सिंह मेहरा की पत्नी कौशिल्या मेहरा, मगन लाल शाह की पत्नी मुन्नी देवी तथा गुलाब सिंह की पत्नी रूपा देवी शामिल है।

22 हजार से 25 हजार तक की पेंशन पाने वाले पूर्व विधायकों के आश्रितों में बच्ची सिंह रावत की पत्नी चम्पा रावत, तेजपाल सिंह पंवार की पत्नी चम्पा देवी, कौल दास की पत्नी बसन्ती देवी, रणजीत सिंह वर्मा की पत्नी निर्मला सिंह, बृजमोहन कोटवाल की पत्नी विजयलक्ष्मी तथा अम्बरीश कुमार की पत्नी प्रतिभा शामिल है।

26 हजार से 30 हजार तक की पेंशन पाने वाले पूर्व विधायकों में कृष्ण चन्द्र पुनेठा की पत्नी विद्या पुनेठा, गोपाल सिंह रावत की पत्नी शान्ति रावत तथा डा. अनुसूया प्रसाद मैखुरी की पत्नी सावित्री देवी मैखुरी शामिल है। सुन्दर सिंह मन्द्रवाल की पुत्री देवेन्द्री मन्द्रवाल को 35500 रूपये पेंशन मिल रही है।

उपलब्ध सूचना के अनुसार ऐसे 88 भूतपूर्व विधायक है जो यह पेंशन प्राप्त कर चुके हैं।

# जोशी बने एम्बुलेंस एसोसिएशन के संरक्षक

संवाददाता

देहरादून। मसूरी विधायक गणेश जोशी को देहरादून एम्बुलेंस मालिक एवं चालक वेलफेयर एसोएिसशन का संरक्षक बनाया गया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए देहरादून एम्बुलेंस मालिक एवं चालक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह ने बताया संस्था के पदाधिकारियों ने मसूरी विधायक गणेश जोशी से उनके निवासी स्थान पर मुलाकात की तथा उनको बताया कि एसोसिशन विगत कई



वर्षो से सामाजिक कार्य कर रही है। चिकित्सा के क्षेत्र में संस्था के सभी सिपाही सदैव बिना किसी प्रकार की हिचक के दिन रात कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने गणेश जोशी को लेटर देकर बताया कि संस्था द्वारा कया जा रहे सामाजिक कार्यो को प्रोत्साहित करने व सफलता से संचालित करने हेतु संस्था को अपना संरक्षण दें। जिसके बाद गणेश जोशी ने उनका आग्रह स्वीकार करते हुए संरक्षक बनने की मंजूरी दे दी। इस अवसर पर संस्था के सचिव प्रमोद थापा, उपाध्यक्ष संजीत ठाकुर, रंजन अरोडा, हृदय नंद यादव, भूपेन्द्र सिंह, उजैर अंजुम, प्रमोद तिवारी जगमोहन सिह आदि उपस्थित थे।

# भाजपा पार्षदों ने मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी से की भेंट

संवाददाता

देहरादून। भाजपा पार्षदों के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अविनाश खन्ना से मुलाकात कर शहर के वार्डो में सफाई व्यवस्था की मांग की।

आज यहां अविनाश खन्ना मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी नगर-निगम से भाजपा के पार्षदो ने शिष्टाचार की भेंट की और शहर मे सभी वार्डो मे नालो की सफाई युद्ध स्तर पर जल्द से जल्द शुरुआत करने के लिए कहॉ ताकि गर्मियो मे समय रहते मंक्खी, मच्छरो, और बध



बुओ से होने (फैलने) वाली बीमारियो पर रोकथाम हो सके। मौके पर मुलाकात करने वालो में पार्षद नन्दनी शर्मा, मीरा कठैत, सुशीला रावत, सोनू, चुन्नी लाल, भूपेन्द्र कठैत, रविन्द्र, कमल थापा आदि पार्षदगण उपस्थित थे।



## एक नजर

# अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास देखे गए ड्रोन, बीएसएफ ने की फायरिंग

नई दिल्ली । सीमा पार से पड़ोसी देश पाकिस्तान भारत के खिलाफ नई नई साजिशें रचता रहता है। पाकिस्तान सीमा पर अशांति के लिए लगातार ड्रोन से हमला करने की फिराक में रहता है। आज भी जम्मू–कश्मीर के आरएस पुरा और अरनिया सेक्टर क्षेत्र में ड्रोन देखे गए। जिसके बाद सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने ड्रोन पर फायरिंग की। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के आरएस पुरा, अरनिया सेक्टर के पास ड्रोन की आवाजाही देखी गई। बीएसएफ द्वारा १० से २० राउंड फायरिंग के बाद ड्रोन वापस लौट गया। इस बाबत एक तलाशी अभियान चल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अर्धसैनिक बलों द्वारा इलाके की तलाशी ली जा रही है, लेकिन अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। सूत्रों ने कहा कि ड्रोन को पहली बार आरएस पुरा सेक्टर में देखा गया, लेकिन उस पर फायरिंग के बाद वह अरनिया सेक्टर में चला गया और अंत में सीमा के दूसरी तरफ वापस चला गया। बता दें कि इससे पहले इसी महीने पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के जरिए आरडीएक्स की तस्करी और बम धमाके कराने की एक बड़ी साजिश का भांडाफोड़ हुआ था। पंजाब के गुरदासपुर सेक्टर में बीएसएफ ने करीब ५ किलो आरडीएक्स और डेटोनेटर सहित बड़ी मात्रा में बम बनाने का सामान बरामद किया था।



# आठ साल में पहली बार ब्रेंट क्रूड ऑयल 100 डॉलर के पार पहुंचा

नई दिल्ली । २०१४ के बाद फिर कच्चे तेल के दाम १०० डॉलर के पार पहुंच गए हैं। गुरुवार को ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत १०० डॉलर के पार कारोबार कर रही है। वास्तव में रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है, जो मुख्य रूप से यूरोपीय रिफाइनरियों को कच्चा तेल बेचता है, और यूरोप को प्राकृतिक गैस का सबसे बड़ा सप्लायर है, जो इसकी सप्लाई का लगभग ३५ फीसदी देता है। यह संयोग ही है ८ साल पहले रूस और युक्रेन के बीच जब राजनैतिक संकट गहरा गया था तब भी क्रूड ऑयल के दाम १०० डॉलर के पार गए थे। उसके बाद इसी संकट के दोबारा से उभरने से कच्चा तेल ट्रिपल डिजिट पर पहुंच गया है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बयान के बाद क्रूड ऑयल की कीरमत में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। जिसके बाद ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम कारोबारी सत्र में १०० डॉलर के पार चले गए। मौजूदा समय में ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम ४.५० फीसदी की तेजी के साथ १०१.२६ डॉलर प्रतदि बैरल पर कारोबार कर रहा है।



# बिहार के कई जेलों में छापेमारी से मचा हड़कंप

पटना। सिवान, बेगूसराय, अररिया, हाजीपुर समेत बिहार के कई जेलों में गुरुवार को छापेमारी से हड़कंप मच गया। बिहार के कई जिलों के जिलाधिकारी, एसपी और बड़े अधिकारी जेल के अंदर पहुंचे। इस दौरान अफरातफरी जैसा माहौल दिखा। हालांकि अभी छापेमारी जारी है इसलिए जेल के अंदर से क्या कुछ मिला है आदि इसके बारे में अभी कुछ सामने नहीं आया है। सिवान मंडल कारा में छापेमारी में एसडीओ और एसडीपीओ की अगुवाई में जेल में छापेमारी शुरू की गई। जेल में अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल गए हैं। सूचना आ रही है कि सभी वार्डों की गहन जांच की जा रही है। वहीं, मंडल कारा खगड़िया में भी छापेमारी हो रही है। यहां डीएम और एसपी के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस छापेमारी करने के लिए पहुंची है। उधर, बेगूसराय मंडल कारा में भी छापेमारी हो रही है। एडीएम, एसडीओ, मुख्यालय डीएसपी, सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस छापेमारी करने पहुंची। अभी जानकारी नहीं मिल पाई है कि जेल के अंदर किस तरह की कार्रवाई हुई है।



## पुलिस ग्रेड पे पर मुख्यमंत्री का चुनावी दांव

# सरकार बनने के एक माह में करेंगे ग्रेड पे पर फैसलाः धामी

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आज पुलिस ग्रेड पे पर बड़ा चुनावी दांव चलते हुए कहा गया है कि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो वह सरकार बनने के एक माह के अंदर पुलिस ग्रेड–पे पर फैसला लेंगे। वहीं उन्होंने राज्य में सख्त भू–कानून लाने का दावा भी किया है।

यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मीडिया से बातचीत में अपने हल्द्वानी–नैनीताल दौरे के समय कहीं। सीएम धामी जो चुनाव निपटने के बाद मंदिर और मठों की परिक्रमा कर देवी देवताओं से फिर भाजपा के सत्ता में आने और अपने सीएम बनने की मन्नते मांग रहे हैं, आज हल्द्वानी पहुंचे और गोलू देवता की पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि अगर उनकी सरकार बनती है तो पुलिस ग्रेड–पे पर एक माह के अंदर फैसला लिया जाएगा।

पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि भाजपा ने पुलिस ग्रेड पे को अपने घोषणा पत्र में क्यों नहीं रखा, जबकि कांग्रेस ने इसे



## ❑पुलिस मतदाताओं की नाराजगी दूर करने का प्रयास

अपने घोषणापत्र में रखा है। इस पर धामी ने कहा कि पुलिस ग्रेड–पे और भू–कानून पर वह समय की कमी के कारण फैसला नहीं कर सके। लेकिन भू–कानून के लिए उन्होंने कमेटी का गठन कर काम शुरू कर दिया था।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में पुलिस के वैलिट वोटिंग की प्रक्रिया चल रही है। सीएम धामी को यह पता है कि पुलिस ग्रेड–पे 4600 किए जाने पर फैसला न लिए जाने से पुलिसकर्मी व उनके परिजन नाराज हैं। मुख्यमंत्री धामी ने पुलिस लाइन में पुलिस की रैतिक परेड में पुलिसकर्मियों से 4600 ग्रेड पे करने की घोषणा कर जहां तालियां बटोरी गई थी लेकिन वहीं वह इसे न तो कैबिनेट में ला सके और न इस पर कोई निर्णय ले सके। बाद में उन्होंने पुलिस कर्मियों को दो लाख का एक मानदेय देकर और भी ज्यादा नाराज कर दिया था। मुख्यमंत्री धामी जो अब सरकार बनने पर एक माह में ग्रेड–पे पर फैसला करने की बात कह रहे हैं, पुलिस कर्मियों की नाराजगी दूर करने का ही प्रयास है। क्योंकि उन्हें पता है कि 80 फीसदी पुलिसकर्मी उनके खिलाफ वोट कर सकते हैं उनकी इस घोषणा को पुलिसकर्मी भी एक चुनावी दांव ही मान रहे हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पुलिसकर्मियों ने इस मुद्दे पर अपने परिजनों के साथ दून में बड़ा प्रदर्शन भी किया था।

सीएम धामी को लग रहा है कि पुलिस ग्रेड–पे और भू कानून जैसे मुद्दों पर फैसला न ले पाना उनकी बड़ी चूक रहा है। जो इस चुनाव में उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है। यही कारण है कि अब उनके द्वारा इन दोनों मुद्दों पर सरकार बनते ही फैसला लेने की बात कही जा रही है।

# बैंक अधिकारी बन ठगे एक लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। बैंक अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड की जानकारी ले खाते से एक लाख रूपये निकाल लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बृजेश कुमार निवासी मेहूंवाला माफी ने पटेलनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके फोन पर कॉल आयी और कॉल करने वाले अपने आपको बैंक अधिकारी बताया तथा उसको क्रेडिट कार्ड पर ऑफर देने की बात कहकर खाते की जानकारी ले ली। बाद में उसके खाते से एक लाख 31 हजार रूपये निकल गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने तमंचे के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने आशा रोडी बैरियर से आगे एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया।

पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा बरामद कर लिया।

पूछताछ में उसने अपना नाम कुश महर पुत्र सुदेश कुमार निवासी मुरादाबाद बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# डाक मतपत्र संबंधित मतदाता तक पहुंचा या नहीं इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिएः गोदियाल



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों के प्रतिनिधिमंडल नें मुख्य निर्वाचन अधिकारी से देहरादून सचिवालय में भेंट कर सेवारत सैनिकों के डाक मतपत्रों सहित सर्विस मतदाता, सेवारत निर्वाचन ड्यूटी में लगे कर्मी, दिव्यांग, ८० वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के संबध में एक ज्ञापन देकर पोस्टल बैलेट की मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाये रखने की मांग की।

उन्होंने आग्रह किया की डाकमतत्र संबधित मतदाता तक पहुंचा या नही इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और यह सुझाव भी दिया गया की सेवारत मतदाताओं के मतपत्रों का दुरूपयोग ना हो इसके लिए कोई पारदर्शी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सैनिक मतदाताओं के डिडिहाट विधानसभा क्षेत्र में डाक मतपत्रों पर भाजपा तथा निर्दलिय प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करते हुए एक विडियो क्लीप भी पैन ड्राईव में प्रमाण के रूप में उपलब्ध कराकर कहा की इस विडियों क्लीप से स्पष्ट है की डाक मतपत्रों का दुरूपयोग किया गया है जिससे चुनाव आयोग के स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने की भावना का भी उलंघन हुआ है।

उन्होनें कहा की कई विधानसभा क्षेत्रों से उन्हें इस संबध में शिकायतें प्राप्त हुयी है जिसका चुनाव आयोग को संज्ञान लेकर उचित कार्रवाही करनी चाहिए जिससे की चुनाव प्रक्रिया पर मतदाताओं का विश्वास बना रहे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष व सलाहकार सुरेन्द्र कुमार, महामंत्री संगठन मथुरादत्त जोशी, प्रवक्ता राजेश चमोली, परवादून जिला कांग्रेस अध्यक्ष अश्वनी बहुगुणा, प्रदेश महामंत्री रघुवीर बिश्ट, दिवाकर चमोली, राजेन्द्र सिंह दानू आदी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*